# वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद

**अनुसंधान भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली – 110001**

**विज्ञापन संख्या: R&A/02/2025**

## <u>रिसर्च इंटर्नस हेतु साक्षात्कार</u>

**साक्षात्कार की तिथि: 18 और 19 अगस्त, 2025**

हीरक जयंती अनुसंधान इंटर्नशिप के अंतर्गत 16 (संख्या में) इंटर्न हेतु ऐसे भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं जो रचनात्मक हैं और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को करियर के रूप में अपनाने के लिए जुनून और इच्छा रखते हैं। इंटर्नशिप की कुल संख्या अस्थायी है और बाद की आवश्यकताओं के अनुसार बदल सकती है।

सीएसआईआर हीरक जयंती अनुसंधान इंटर्न पुरस्कार योजना युवा प्रशिक्षुओं के लिए एक प्रारंभिक चरण है, जिसमे वे अन्वेषण की भावना को आत्मसात करते हैं और भागीदारी एवं कार्यव्यवहार के माध्यम से अनुसंधान संबंधी उपकरणों और तकनीकों की जानकारी प्राप्त करते हैं। अत: इस योजना का उददेश्य युवा प्रशिक्षुओं को कुशल वैज्ञानिकों के साथ काम कराकर उन्हे उन वैज्ञानिकों के ज्ञान और अनुभव से लाभान्वित करना तथा उनके द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को करियर के रूप में अपनाने का अवसर प्रदान करती है।

भारत में अग्रणी औद्योगिक अनुसंधान एवं विकास संगठन, सीएसआईआर की स्थापना 1942 में तत्कालीन केंद्रीय विधान सभा के एक प्रस्ताव द्वारा की गई थी। यह सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत एक स्वायत्त निकाय है। सीएसआईआर का मुख्यालय रफी मार्ग, नई दिल्ली में स्थित है, इसके निदेशालय, केंद्र और इकाइयां एनसीआर में एचआरडीजी, पूसा कैंपस, नई दिल्ली, टीएमडी/ आईपीयू / टीकेडीएल सत्संग विहार मार्ग, नई दिल्ली और एचआरडीसी गाजियाबाद में हैं।

**पात्रता:**

**आवश्यक योग्यता:** कंप्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी/अभियांत्रिकी/ईसीई/जीवन विज्ञान/रसायन विज्ञान एवं फार्मेसी के क्षेत्र में मुख्यत: बीई/बी.टेक/एमएससी में न्यूनतम प्रथम श्रेणी या जीपीए के समकक्ष। पदों और संबंधित क्षेत्रों का विवरण निम्नानुसार है :

| **क्र सं:** | **क्षेत्र/विषय:** | **आवश्यक योग्यता** |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञान: | 1. जीवन विज्ञान / रसायन विज्ञान के क्षेत्र में एमएससी में न्यूनतम प्रथम श्रेणी या समकक्ष जीपीए। अथवा<br>2. फार्मेसी के क्षेत्र में न्यूनतम प्रथम श्रेणी मे स्नातक या समकक्ष जीपीए। |
| 2. | इंजीनियरिंग: | इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग/कंप्यूटर विज्ञान इंजीनियरिंग/ सूचना प्रोद्योगिकी / मैकेनिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में बीई/बी.टेक में न्यूनतम प्रथम श्रेणी या समकक्ष जीपीए। |

**इंटर्नशिप संबंधी अपेक्षाऐं:** चयनित प्रशिक्षुओं से विज्ञान एवं इंजीनियरिंग तथा संबंधित मुद्दों के क्षेत्र से जुडे विभिन्न कार्यों में वैज्ञानिकों की सहायता किया जाना अपेक्षित होगा, ताकि उन्हें दिए गए विषयों और संबंधित मामलों के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त हो सके।

**आयु सीमा:**

साक्षात्कार की तिथि को आयु अधिकतम 25 वर्ष है, जिसमें अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांग व्यक्तियों/महिला उम्मीदवारों के लिए 05 वर्ष और अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर–क्रीमी लेयर) उम्मीदवारों के लिए 03 वर्ष की छूट दी जा जाएगी।

**वजीफा:**

24000/- रुपये प्रति माह समेकित। कोई अन्य भत्ता देय नहीं है।

**कार्यकाल:**

इंटर्नशिप की अवधि अधिकतम 02 वर्ष की होगी जिसका विस्तार किसी भी परिस्थिति में नहीं किया जायेगा, और संतोषजनक प्रदर्शन, जिसका मूल्यांकन प्रत्येक 06 महीने में किया जाएगा, के अधीन होगी। इंटर्नशिप के अंत / समाप्ति के बाद, इंटर्नस सीएसआईआर में अग्रिम विस्तार, आमेलन या नियमितीकरण का कोई दावा नहीं कर सकेगें। यदि प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा, तो एक माह के नोटिस या उसके बदले में एक माह के वजीफे के साथ इंटर्नशिप समाप्त कर दी जाएगी। इंटर्नशिप अवधि के दौरान, प्रशिक्षु नेट/गेट परीक्षा देने और पीएचडी किये जाने हेतु नियमित फेलोशिप प्राप्त करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

**चयन का तरीका:**

इच्छुक पात्र उम्मीदवारों को सीएसआईआर विज्ञान केंद्र के रिसेप्शन डेस्क पर सुबह 9 बजे रिपोर्ट करना होगा। रिसर्च इंटर्न के लिए उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार में उनके समग्र प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।

**आवेदन कैसे करें:**

निर्धारित आवेदन पत्र को सीएसआईआर की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है और साक्षात्कार के समय विधिवत भरा हुआ आवेदन पत्र जमा किया जा सकता है।

'वाक–इन–इंटरव्यू' नीचे दिए गए कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जाएगा:

| क्र स | विषय: | वॉक–इन–इंटरव्यू की तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | विज्ञान विषयों के लिए | 18 अगस्त, 2025<br>रिपोर्टिंग समय:– प्रातः 9:00 बजे |
| 2. | इंजीनियरिंग विषयों के लिए | 19 अगस्त, 2025<br>रिपोर्टिंग समय:– प्रातः 9:00 बजे |

आवेदन पत्र के साथ स्व–सत्यापित फोटोग्राफ तथा आवेदन में उल्लिखित आयु, शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और जाति/जनजाति आदि के समर्थन में शंसापत्र / प्रमाण–पत्र की प्रतियाँ संलग्न करें। परीक्षा / साक्षात्कार के समय सत्यापन के लिए आवेदक सभी मूल प्रमाण–पत्र/ शंसापत्र भी साथ लाये।

**वॉक–इन–इंटरव्यू का स्थान – सीएसआईआर विज्ञान केंद्र (गेस्ट हाउस), लोदी गार्डन गेट संख्या 2, के.के. बिड़ला लेन (इंडिया इंटरनेशनल सेंटर एनेक्सी के सामने), नई दिल्ली– 110003**

साक्षात्कार में शामिल होने के लिए कोई **यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता नहीं** दिया जाएगा।

कॉन्वैसिंग और किसी भी प्रकार का प्रभाव डालना अयोग्यता माना जाएगा।

**हस्ता0/–**
उप सचिव (आर एंड ए)